अध्याय

# 3 अंग्रेजी वर्णमाला एवं शब्द रचना परीक्षण

## English Alphabet and Word Formation Test

www.classroomnotes.in

*अंग्रेजी भाषा में प्रयुक्त होने वाले 26 अक्षरों के क्रम को हम 'वर्णमाला' कहते हैं जिसमें 5 स्वर (A, E, I, O, U) तथा 21 व्यंजक होते हैं तथा इन्हीं अक्षरों के विभिन्न समूह से कोई अर्थपूर्ण शब्द बनाने की प्रक्रिया 'शब्द निर्माण' कहलाती है। इस परीक्षण के प्रायः अंग्रेजी शब्दकोष, शब्द निर्माण तथा अंग्रेजी वर्णमाला की सापेक्ष स्थिति पर आधारित प्रश्न पूछे जाते हैं। इस पर आधारित प्रश्नों को हल करने हेतु अंग्रेजी वर्णमाला के क्रमांकिक मानों के साथ-साथ विपरीत अक्षरों की जानकारी होना भी आवश्यक है।*

### इन्हें स्मरण रखें!

- अंग्रेजी वर्णमाला के विपरीत अक्षरों की संगत संख्याओं का योगफल सदैव 27 होता है **जैसे**

| | | | |
|---|---|---|---|
| A | Z | → | 1 + 26 = 27 |
| B | Y | → | 2 + 25 = 27 |
| C | X | → | 3 + 24 = 27 |
| D | W | → | 4 + 23 = 27 |
| E | V | → | 5 + 22 = 27 |
| F | U | → | 6 + 21 = 27 |
| G | T | → | 7 + 20 = 27 |
| H | S | → | 8 + 19 = 27 |
| I | R | → | 9 + 18 = 27 |
| J | Q | → | 10 + 17 = 27 |
| K | P | → | 11 + 16 = 27 |
| L | O | → | 12 + 15 = 27 |
| M | N | → | 13 + 14 = 27 |

- अंग्रेजी वर्णमाला को यदि दो भागों में बाँटा जाए, तो पहले भाग को 'प्रथम अर्द्धांश' तथा दूसरे भाग को 'द्वितीय अर्द्धांश' कहा जाता है अर्थात्
  (i) **प्रथम अर्द्धांश** अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षर A से M तक के तेरह अक्षरों के सुव्यवस्थित क्रम को अंग्रेजी वर्णमाला का प्रथम अर्द्धांश कहते हैं।

| A | B | C | D | E | F | G | H | I | J | K | L | M |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |

  (ii) **द्वितीय अर्द्धांश** अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षर N से Z तक के तेरह अक्षरों के सुव्यवस्थित क्रम को अंग्रेजी वर्णमाला का द्वितीय अर्द्धांश कहते हैं।


| N | O | P | Q | R | S | T | U | V | W | X | Y | Z |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |

#### बायाँ तथा दायाँ

अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों का अपना कोई बायाँ या दायाँ नहीं होता है, बल्कि अक्षरों के दाएँ या बाएँ को हम अपने दाएँ या बाएँ से प्रदर्शित करते हैं। दूसरे शब्दों में, हम यह कह सकते हैं कि जिस ओर हमारा दायाँ होता है, उसी ओर अक्षरों का दायाँ होता है और जिस ओर हमारा बायाँ होता है, उसी ओर अक्षरों का बायाँ होता है। **जैसे**




यदि N के बाईं ओर 5वाँ अक्षर निकालना हो, तो N के सामने खड़े हो बाएँ।




#### याद रखें कि अंग्रेजी वर्णमाला में आपके

| | |
|---|---|
| बाएँ से *m*वें अक्षर के दाईं ओर *n*वाँ अक्षर | बाएँ से $(m + n)$वाँ अक्षर |
| दाएँ से *m*वें अक्षर के बाईं ओर *n*वाँ अक्षर | दाएँ से $(m + n)$वाँ अक्षर |
| बाएँ से *m*वें अक्षर के बाईं ओर *n*वाँ अक्षर | बाएँ से $(m - n)$वाँ अक्षर |
| दाएँ से *m*वें अक्षर के दाईं ओर *n*वाँ अक्षर | दाएँ से $(m - n)$वाँ अक्षर |

# साधित उदाहरण

**1.** अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षर 'D' के ठीक दाईं ओर कौन-सा अक्षर होगा?
(1) B (2) C (3) E
(4) F (5) A

**हल** *(3)* $\overset{4}{D} \xrightarrow[\text{दाईं ओर}]{+1} \overset{5}{E}$

आप यहाँ देख रहे हैं कि अक्षर 'D' के ठीक दाईं ओर अक्षर 'E' को दर्शाया गया है, इसलिए कि 'D' के दाईं ओर यानी 'D' के ठीक बाद के अक्षर को प्राप्त करने के लिए आप अक्षर 'D' से अपनी दाईं ओर एक अक्षर बढ़ेंगे, इस प्रकार आने वाला अक्षर का मान 'E' होगा। इसलिए आपका अभीष्ट अक्षर 'E' होगा।

**2.** EL PAP शब्द को व्यवस्थित करने पर एक फल का नाम बनता है। उसका अंतिम अक्षर कौन-सा होगा?
(1) E (2) L (3) A
(4) P (5) इनमें से कोई नहीं

**हल** *(1)* दिए गये अक्षरों को पुन: व्यवस्थित करने पर APPLE शब्द बनाया जा सकता है, जिसका अंतिम अक्षर E है।

**3.** नीचे दिए गए शब्दों को वर्णमाला क्रम में सजाइए तथा उस शब्द को ज्ञात कीजिए, जो शब्दकोश या दूरभाष निर्देशिका में अंत में आता है?
(1) Crow (2) Cuckoo (3) Cock
(4) Crane (5) Cow

**हल** *(2)* दिए गए शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर शब्दों का क्रम निम्न प्रकार होगा

Cock, Cow, Crane, Crow, Cuckoo

अत: Cuckoo शब्द, शब्दकोश के सबसे अन्त में होगा।

# अभ्यास प्रश्न

**निर्देश** (प्र.सं. 1 और 2) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में शब्दों को शब्दकोश के अनुसार सजाइए तथा उस शब्द को ज्ञात कीजिए, जो शब्दकोश में सबसे पहले आयेगा।*

**1.** (1) Hotel (2) Hostel (3) Hostage
(4) House (5) How

**2.** (1) East (2) Earn (3) Elevate
(4) Elegy (5) Elect

**निर्देश** (प्र.सं. 3 और 4) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में शब्दों को शब्दकोश के अनुसार सजाइए तथा उस शब्द को ज्ञात कीजिए, जो शब्दकोश में दूसरे स्थान पर आयेगा।*

**3.** (1) Plane (2) Plain (3) Place
(4) Player (5) Please

**4.** (1) Delete (2) Delude (3) Defer
(4) Demean (5) Dew

**निर्देश** (प्र.सं. 5 और 6) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में शब्दों को शब्दकोश के अनुसार सजाइए तथा उस शब्द को ज्ञात कीजिए, जो शब्दकोश में तीसरे स्थान पर आयेगा।*

**5.** (1) Tin (2) Tip (3) Top
(4) Tire (5) Toy

**6.** (1) Knit (2) Knell (3) Kite
(4) Know (5) Knot

**निर्देश** (प्र.सं. 7 और 8) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में शब्दों को शब्दकोश के अनुसार सजाइए तथा उस शब्द को ज्ञात कीजिए, जो शब्दकोश में अन्तिम स्थान पर आयेगा।*

**7.** (1) Hate (2) Heat (3) Heart
(4) Heavy (5) Heap

**8.** (1) Wait (2) Wall (3) Well
(4) Walk (5) Wale

**निर्देश** (प्र.सं. 9 और 10) *नीचे दिए गए प्रश्न में शब्दों को शब्दकोश के अनुसार सजाइए तथा सही कूट का चयन कीजिए।*

**9.** 1. Sale, 2. Selection, 3. Selfish,
4. Seldom, 5. Sendor
(1) 1, 2, 3, 5, 4 (2) 5, 4, 3, 2, 1 (3) 1, 2, 3, 4, 5
(4) 1, 4, 2, 3, 5 (5) 1, 2, 5, 3, 4

**10.** 1. Task 2. Tune 3. Tone 4. Told 5. Tire
(1) 1, 2, 3, 4, 5 (2) 5, 4, 3, 2, 1 (3) 1, 5, 4, 3, 2
(4) 1, 4, 5, 3, 2 (5) 2, 3, 5, 1, 4

**निर्देश** (प्र.सं. 11 और 12) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में बड़े अक्षरों में एक शब्द दिया गया है, जिसके पश्चात् पाँच शब्द उत्तर के रूप में दिए गए है। दिए गए अक्षरों को मिलाकर केवल एक ही विकल्प ऐसा है, जो दिए गए अक्षरों से बनाया जा सकता है। उस विकल्प को ज्ञात कीजिए।*

**11.** NEWSPAPER
(1) REPEAT (2) SWEET (3) SOUR
(4) WASP (5) SLEEP

**12.** REMEMBERING
(1) AGREE (2) GREEN (3) NEGRO
(4) RAIN (5) RED

**निर्देश** (प्र.सं. 13 और 14) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में बड़े अक्षरों में एक शब्द दिया गया है, जिसके पश्चात् पाँच शब्द उत्तर के रूप में दिए गए है। दिए गए अक्षरों को मिलाकर केवल एक ही विकल्प ऐसा है, जो दिए गए अक्षरों से नहीं बनाया जा सकता है, उस विकल्प को ज्ञात कीजिए।*

**13.** SIGNATURE
(1) CENTRE (2) NATURE (3) RESIGN
(4) GUEST (5) SIGN

**14.** EXAMINATION
(1) NATION (2) TONE (3) EXAM
(4) NORMAL (5) MINE

www.classroomnotes.in

**15.** 'BEHIND' शब्द के अक्षरों के क्रम को बिना बदलें तथा एक अक्षर को केवल एक बार प्रयोग में लाकर कितने स्वतन्त्र शब्द बनाये जा सकते हैं?
(1) एक (2) दो (3) तीन
(4) चार (5) पाँच

**16.** 'FRIEND' शब्द के अक्षरों से कोई एक अक्षर निकाल दिया जाता है, तो नये बने शब्द का अर्थ विपरीत हो जाता है, आप बताइए कि निकाला गया अक्षर कौन-सा है?
(1) F (2) R (3) N
(4) D (5) I

**17.** 'FOUNDATION' शब्द के तीसरे, पाँचवे, छठे, सातवें तथा आठवें अक्षरों से कोई सार्थक शब्द बनता है, तो उस शब्द का प्रथम अक्षर ज्ञात कीजिए, यदि कोई सार्थक शब्द नहीं बनता है, तो X उत्तर पर निशान लगाइए
(1) F (2) A (3) T
(4) X (5) O

**18.** 'DREAM' शब्द में दो अक्षर ऐसे हैं, जिनके मध्य, शब्द में उतने ही अक्षर हैं, जितने की वर्णमाला में, तो उनमें से पहला अक्षर कौन-सा होगा?
(1) A (2) E (3) D
(4) R (5) M

**19.** अंग्रेजी वर्णमाला में दाएँ सिरे से ग्यारहवें अक्षर के दाईं ओर छठा अक्षर कौन-सा होगा?
(1) P (2) J (3) V
(4) Q (5) F

**20.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला को उल्टे क्रम में लिखा जाय, तो बाईं ओर से 12वें अक्षर के दाईं ओर सातवाँ अक्षर कौन-सा होगा?
(1) V (2) H (3) E
(4) S (5) Q

**21.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला के प्रथम अर्द्धांश के अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाय, तो दाईं ओर से 19वाँ अक्षर कौन-सा होगा?
(1) D (2) E (3) F
(4) H (5) C

**22.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला के द्वितीय अर्द्धांश के अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाय, तो दाईं ओर से 12वें अक्षर के बाईं ओर चौथा अक्षर कौन-सा होगा?
(1) J (2) K (3) L
(4) M (5) N

**23.** अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षर K और S के मध्य में स्थित अक्षर के दाईं ओर तीसरा अक्षर कौन-सा होगा?
(1) O (2) R (3) P
(4) Q (5) N

**24.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों को इस प्रकार लिखा जाय कि A, Z के स्थान पर तथा A के स्थान पर Z और B, Y के स्थान पर तथा Y, B के स्थान पर हो तथा आगे के अक्षर भी इसी प्रकार बदलें जायें, तो दाईं ओर से तेरहवाँ अक्षर कौन-सा होगा?
(1) L (2) M (3) N
(4) O (5) Q

**25.** नीचे दिए गए श्रृंखला में ऐसे कितने 'N' हैं, जिसके ठीक बाद में 'P' हो, लेकिन ठीक पहले 'A' नहीं हो?
A N P S N P P N S A T P P T A N A P P A N N P
(1) एक (2) दो (3) तीन
(4) चार (5) पाँच

**26.** 'HTUTR' के प्रत्येक अक्षर का केवल एक बार प्रयोग कर एक अर्थ पूर्ण शब्द बनाइए, बनाए गए शब्द का पाँचवाँ अक्षर आपका उत्तर होगा? यदि एक से अधिक ऐसे शब्द बनते हैं; तो आपका उत्तर X होगा। यदि ऐसा कोई शब्द नहीं बनता है, तो अपका उत्तर Y होगा?
(1) H (2) R (3) X
(4) Y (5) T

**27.** किसी सब्जी के नाम अक्षर I, K, M, N, P, P तथा U हैं। यदि इन्हें सही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो अन्तिम अक्षर कौन-सा होगा?
(1) M (2) N (3) K
(4) P (5) U

**28.** 'PADDLED' शब्द के अक्षरों को अलग-अलग कितने प्रकार से क्रमबद्ध किया जा सकता है?
(1) 840 (2) 910 (3) 2520
(4) 5040 (5) 3400

**29.** यदि शब्द 'MATERNITY' के पहले, चौथे, सातवें तथा आठवें अक्षरों से एक अर्थपूर्ण शब्द बनाना सम्भव हो, तो उस शब्द का तीसरा अक्षर कौन-सा होगा? यदि एक से अधिक शब्द बनते हैं; तो उत्तर Z दीजिए तथा यदि कोई शब्द न बनता हो, तो उत्तर Y दीजिए।
(1) T (2) I (3) Z
(4) Y (5) M

**30.** शब्द 'PREAMBLE' में ऐसे अक्षर-युग्मों की संख्या कितनी है, जिनके बीच उतने ही अक्षर हैं; जितने कि वर्णमाला में उनके बीच हैं?
(1) एक (2) दो (3) तीन
(4) चार (5) पाँच

**31.** अन्तिम स्वर अक्षर से पहले 6वाँ अक्षर कौन-सा होगा?
(1) O (2) P (3) Q
(4) R (5) S

**32.** शब्द 'BANKER' में ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक शब्द के आरम्भ से उतना ही दूर है, जितना कि वह उन्हें वर्णमाला के क्रम में क्रमबद्ध किए जाने पर है?
(1) एक (2) दो (3) तीन
(4) चार (5) पाँच

**33.** शब्द 'PERIODICAL' में शब्दों के ऐसे कितने जोड़े हैं, जिनमें प्रत्येक शब्द में उनके बीच उतने ही अक्षर हैं; जितने कि अंग्रेजी वर्णमाला में उनके बीच हैं?
(1) एक (2) दो (3) तीन
(4) चार (5) पाँच

**34.** शब्द 'TEMPORAL' के अक्षरों को वर्णमाला के अनुसार आयोजित करें, तो कितने अक्षर ऐसे हैं; जिनके स्थान में परिवर्तन नहीं होगा?
(1) एक (2) दो (3) तीन
(4) चार (5) पाँच

**35.** शब्द 'TREADMILL' में अक्षरों के ऐसे कितने जोड़े हैं; जिनके बीच में ठीक उतने ही अक्षर हैं; जितने कि वर्णमाला में उनके बीच होते हैं?
(1) एक (2) दो (3) तीन
(4) चार (5) पाँच

# उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (3) | **2.** (2) | **3.** (2) | **4.** (1) | **5.** (4) | **6.** (1) | **7.** (4) | **8.** (3) | **9.** (4) | **10.** (3) |
| **11.** (4) | **12.** (2) | **13.** (1) | **14.** (4) | **15.** (2) | **16.** (2) | **17.** (2) | **18.** (1) | **19.** (3) | **20.** (2) |
| **21.** (3) | **22.** (2) | **23.** (2) | **24.** (2) | **25.** (2) | **26.** (1) | **27.** (2) | **28.** (1) | **29.** (3) | **30.** (2) |
| **31.** (1) | **31.** (2) | **33.** (3) | **34.** (2) | **35.** (3) | | | | | |

# संकेत एवं हल

**1.** दिये गये शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर शब्दों का क्रम निम्न प्रकार होगा
Hostage, Hostel, Hotel, House, How
अत: Hostage शब्द, शब्दकोश में सबसे पहले आयेगा।

**2.** दिये गये शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर शब्दों का क्रम निम्न प्रकार होगा
Earn, East, Elect, Elegy, Elevate
अत: Earn शब्द, शब्दकोश में सबसे पहले आयेगा।

**3.** दिये गये शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर शब्दों का क्रम निम्न प्रकार होगा
Place, Plain, Plane, Player, Please
अत: Plain शब्द, शब्दकोश में दूसरे स्थान पर आयेगा।

**4.** दिये गये शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर शब्दों को क्रम निम्न प्रकार होगा
Defer, Delete, Delude, Demean, Dew
अत: Delete शब्द, शब्दकोश में दूसरे स्थान पर आयेगा।

**5.** दिये गये शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर शब्दों का क्रम निम्न प्रकार होगा
Tin, Tip, Tire, Top, Toy
अत: Tire शब्द, शब्दकोश में तीसरे स्थान पर आयेगा।

**6.** दिये गये शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर शब्दों का क्रम निम्न प्रकार होगा
Kite, Knell, Knit, knot, Know
अत: Knit शब्द, शब्दकोश में तीसरे स्थान पर आयेगा।

**7.** दिये गये शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर शब्दों का क्रम निम्न प्रकार होगा
Hate, Heap, Heart, Heat, Heavy
अत: Heavy शब्द शब्दकोश में अंतिम स्थान पर आयेगा।

**8.** दिये गये शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर शब्दों का क्रम निम्न प्रकार होगा
Wait, Wale, Wall, Walk, Well
अत: Well शब्द, शब्दकोश में अंतिम स्थान पर आयेगा।

**9.** दिये गये शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर शब्दों का क्रम निम्न प्रकार होगा
1. Sale 4. Seldom 2. Selection,
3. Selfish, 5. Sendor

**10.** दिये गये शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर शब्दों का क्रम निम्न प्रकार होगा—
1. Task 5. Tire 4.Told 3. Tone 2. Tune

**11.** दिए गए अक्षर समूह से WASP शब्द ही बनाया जा सकता है।

**12.** दिए गए अक्षर समूह से 'GREEN' शब्द ही बनाया जा सकता है।

**13.** दिए गए शब्द में 'C' अक्षर नहीं है। अत: विकल्प (1) का शब्द 'CENTRE' दिये गये शब्द से नहीं बनाया जा सकता है।

**14.** दिए गए शब्द में 'R' तथा 'L' अक्षर नहीं है। अत: विकल्प (4) का शब्द 'NORMAL' दिये गये शब्द से नहीं बनाया जा सकता है।

**15.** दिए गए शब्द से दो स्वतन्त्र शब्द 'BE' तथा 'HIND' शब्द बनाये जा सकते हैं।

**16.** दिए गए शब्द से 'R' अक्षर निकाल देने पर 'FIEND' शब्द बनेगा, जिसका अर्थ 'दुष्ट' होता है।

**17.** 'FOUNDATION' के तीसरे, पाँचवें, छठे, सातवें व आठवें अक्षरों से बना सार्थक शब्द AUDIT है।
अत: 'AUDIT' शब्द का प्रथम अक्षर 'A' है।

**18.** D R E A M
↑
'DREAM' शब्द में A और D के मध्य दो अक्षर 'R' तथा 'E' हैं तथा वर्णमाला में भी 'A' और 'D' के बीच में दो अक्षर 'B' और 'C' हैं। 'A' तथा 'D' में पहला अक्षर 'A' है।

**19.** A B C D E F G H I J K L M
N O [P] Q R S T U [V] W X Y Z
दाईं ओर छठा
दाईं ओर से 11वाँ
अंग्रेजी वर्णमाला में दाएँ ओर से ग्यारहवें अक्षर के दाएँ ओर छठा अक्षर V होगा।

**20.** Z Y X W V U T S R Q P [O] N M L K J I [H]
बाईं ओर से 12वाँ अक्षर दाईं ओर 7वाँ अक्षर
G F E D C B A
अंग्रेजी वर्णमाला को उल्टे क्रम से लिखने पर बाईं ओर से 12वाँ अक्षर O है तथा O के दाईं ओर से 7वाँ अक्षर H होगा।

**21.** M L K J I H G [F] E D C B A N O P Q R S T
दाईं ओर से 19वाँ अक्षर
U V W X Y Z
प्रश्नानुसार, वर्णमाला को लिखने पर दाईं ओर से 19वाँ अक्षर F होगा।

**22.** A B C D E F G H I J [K] L M Z [Y] X W V U

बाईं ओर चौथा अक्षर

T S R Q P O N

दाईं ओर से 12वाँ अक्षर

प्रश्नानुसार, वर्णमाला को लिखने पर दाईं ओर से 12वें अक्षर के बाईं ओर चौथा अक्षर K होगा।

**23.** K L M N [O] P Q [R] S

दाँयीं ओर तीसरा

K तथा S के बीच O अक्षर है तथा O के दाईं ओर तीसरा अक्षर R होगा।

**24.** Z Y X W V U T S R Q P O N
[M] L K J I H G F E D C B A

दाँयीं ओर से 13वाँ अक्षर

प्रश्नानुसार, वर्णमाला को लिखने पर दाईं ओर से 13वाँ अक्षर M होगा।

**25.** A N P S [N] P P N S A T P P T A N A P P A N [N] P

दिये गये शृंखला में दो ऐसे 'N' हैं, जिसके ठीक बाद में P है, लेकिन ठीक पहले A नहीं है।

**26.** दिये गये शब्द से बने अर्थपूर्ण शब्द = TRUTH
'TRUTH' शब्द का पाँचवाँ अक्षर = H

**27.** अक्षरों को सही क्रम में व्यवस्थित करने पर 'PUMPKIN' शब्द बनता है, जिसका अन्तिम अक्षर N है।

**28.** अभीष्ट प्रकार $= \frac{7!}{3!} = 840$

**29.** शब्द 'MATERNITY'के पहले, चौथे, सातवें और आठवें अक्षर क्रमशः M, E, I और T हैं। इन अक्षरों से बनने वाले सार्थक शब्द 'TIME' तथा 'ITEM' हैं।
अतः आपका उत्तर Z होगा।

**30.** P R E A M B L E

अभीष्ट संख्या = 2

**31.** अन्तिम स्वर अक्षर = U  O P Q R S T U

6वाँ अक्षर

∴ U से पहले 6वाँ अक्षर = O

**32.** B A N K E R
A B E K N R

अतः अभीष्ट अक्षर = 2

**33.** P E R I O D I C A L

अतः अभीष्ट अक्षर = 3

**34.** T E M P O R A L
A E K M O P R T

अतः केवल दो अक्षर 'E' तथा 'O' ऐसे हैं; जिनके स्थान में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

**35.** T R E A D M I L L

अतः EI, LR तथा LT तीन जोड़े हैं।

www.classroomnotes.in